एक नजर में

मेरे सपनों का भारत प्रतियोगिता आयोजित

कसरावद। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का संकुल स्तरीय आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनि शासकीय माध्यमिक विद्यालय में हुआ।विद्यार्थियों ने विकसित भारत-2047 की कल्पना पर चित्र बनाए और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध भारत के निर्माण में युवा, महिला, किसान और उद्यमियों की भूमिका पर विचार रखे। साथ ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और डिजिटल तकनीक को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर भारत को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सेवा संकल्प 2026 विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री संदीप कुशवाह, मंडल उपाध्यक्ष यशवंत राठौड़, प्राचार्य प्रमोद वर्मा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विमलाबाई पालीवाल का स्वर्गवास

कसरावद। सरदार पटेल उमावि कसरावद के प्राचार्य विजेन्द्र पालीवाल की माताजी ओर स्व. पुरूषोत्तम पालीवाल की धर्मपत्नी

विमला बाई का स्वर्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गुरूवार दरवाजा मार्ग खरगोन से मुक्ति धाम में किया गया। दु:ख की घड़ी में संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र पाटीदार, उपाध्याय डॉ हेमेन्द्र पाटीदार, कोषाध्यक्ष भगवान पाटीदार, सचिव नरेन्द्र पाटीदार, सहसचिव वैभव पाटीदार लेखापाल अखिलेश दुबे, शिक्षक विजय पाटीदार सहित नगर के अन्य गणमान्य नागरिक अन्तिम यात्रा में शामिल हुए।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

महेश्वर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग चित्रकला में सुमेरा अख्तर जावेद मलिक प्रथम, रिजवान नवाब शाह व अक्षरा योगेश गुर्जर द्वितीय तथा अर्जुमन जावेद मलिक तृतीय रहे। कनिष्ठ वर्ग में साहिबा इरफान खान प्रथम, आकिब सफीक मंसूरी द्वितीय और आस्था जगदीश कर्मा तृतीय रहीं। वरिष्ठ वर्ग भाषण में अलशिफा वारिस शेख प्रथम, आयशा कल्लू खान द्वितीय और हेमंत मुकेश भगोले तृतीय रहे। कनिष्ठ वर्ग में आकिब शफीक मंसूरी प्रथम, अंजली मुकेश भगोले द्वितीय तथा हर्षिता नारायण मानवे तृतीय रहीं। विजेताओं को राम सेन, महादेव पाटीदार, रोहित जोशी एवं श्याम सराफ ने पुरस्कार प्रदान किए। प्राचार्य मोहन सोनी ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में संस्था की प्रभारी प्राचार्य संध्या चौहान, वरिष्ठ व्याख्याता प्रवीण कुमार भावसार, अर्चना तारे, मंजूषा कुलश्रेष्ठ, संगीता तिवारी, दीपशिखा शर्मा, वर्षा गौड़, बाबूलाल साहू के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

बलगांव के डेढ़ किमी में सड़क कम गड्ढे ज्यादा...

52 फीट चौड़ाई फिर भी डामरीकरण 10-12 फीट में

देवदत्त एक्कल

कसरावद। ग्राम बलगांव फाटे से गांव तक जाने वाली करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी डामरीकरण सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सड़क पर 100 से ज्यादा छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए मार्ग जोखिम भरा हो गया है। अचानक गड्ढा आने पर बाइक असंतुलित होने की स्थिति बन जाती है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क के दोनों ओर बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पानी लंबे समय तक सड़क पर जमा रहता है। इससे डामर उखड़ने लगा और धीरे-धीरे सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों का भी लगातार आवागमन रहता है, जिससे परेशानी और बढ़ गई है। गांव की मुख्य गली की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक नल-जल योजना और नाली निर्माण के बाद कई स्थानों पर सड़क की स्थिति बिगड़ गई है। बारिश के दौरान कीचड़ और फिसलन के कारण पैदल चलना मुश्किल हो जाता है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी असंतुलित होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर जलभराव और गड्ढों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बलगांव मां नर्मदा के किनारे बसा हुआ गांव है। यहां अति प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर, आश्रम और गोशाला होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। नर्मदा तट होने के कारण क्षेत्र में आस्था लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग अंतिम संस्कार के लिए भी बलगांव पहुंचते हैं। ऐसे में गांव तक पहुंचने वाली सड़क का सुरक्षित और सुचारु होना जरूरी है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की कुल उपलब्ध चौड़ाई करीब 52 फीट है, जबकि वर्तमान में डामरीकरण सड़क लगभग 10 से 12 फीट चौड़ाई में ही है। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण आमने-सामने से आने वाले वाहनों को भी कई स्थानों पर परेशानी होती है। ग्रामीणों ने सड़क का चौड़ीकरण करने के साथ दोनों ओर नाली और बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।ग्रामीण महेश पटेल, पवन पटेल, कालूराम पटेल, विजय जोला आदि ने बताया कि वर्तमान में बलगांव फाटे से बलगांव तक सड़क की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर है। यदि सड़क को आगे आश्रम तक जोड़ा जाए तो इसकी लंबाई करीब सवा दो किलोमीटर हो सकती है। इससे नर्मदा तट, आश्रम, गोशाला और मंदिर आने-जाने वाले ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर सुनील जमरे ने बताया कि सड़क के डामरीकरण यानी री-कोडिंग के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। फिलहाल सड़क की स्थिति को देखते हुए री-कोडिंग का कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। नई सड़क के पुनर्निर्माण के लिए बजट में प्रावधान शासन स्तर पर होता है। पुनर्निर्माण की योजना जब भी आएगी, इस मार्ग को उसमें शामिल किया जाएगा। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने, नाली निर्माण और सड़क की दूरी आश्रम तक बढ़ाने को लेकर भी योजना आने पर प्रस्ताव तैयार कर अधिकारियों को भेजा जाएगा। उक्त मार्ग को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से स्थल निरीक्षण भी करवाया जा चुका है।

चार साल पहले हुई थी री-कोडिंग

ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन बनी थी और करीब 16 वर्ष पुरानी है। करीब चार वर्ष पहले सड़क की री-कोडिंग कर डामर की हल्की परत चढ़ाई गई थी। इसके बावजूद सड़क फिर से जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि फिलहाल सड़क की री-कोडिंग के साथ पर्याप्त चौड़ाई में डामरीकरण कराया जाए और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि सड़क बारिश के बाद जल्द खराब न हो।

एकदंत गणेश उत्सव समिति का धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज

सनावद। नगर की पंडित कॉलोनी गली नंबर 2 में एकदंत गणेश उत्सव समिति द्वारा धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला उत्साहपूर्वक जारी है। इस वर्ष समिति के रितिक सनोतिया गौतम शर्मा द्वारा विशेष आकर्षण के रूप में बर्फीली पहाड़ियों पर तपस्या कर रहे गणेश जी का मनोहारी चित्रांकन किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

समिति के गौतम शर्मा ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत हरे राम हरे कृष्ण भजन मंडली द्वारा भव्य भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया। इस आयोजन में पंकज पगारे, मनीष सिसोदिया, अभिषेक जाधम, संदीप सिसोदिया का विशेष सहयोग रहा। आज डोल ग्यारस के पावन अवसर पर फरियाल खिचड़ी का वितरण किया गया। 24 तारीख को भव्य आरती, आतिशबाजी के साथ अन्नकूट प्रसादी का वितरण होगा।

बड़े श्रद्धाभाव और भक्ति के साथ मनाई तेजा दशमी

बिस्टान। तेजा दशमी का पर्व मना खरगोन मार्ग स्थित वीर तेजाजी मंदिर परिसर मे सोमवार को भादवा तिथि दशमी को तेजा दशमी बड़े श्रद्धाभाव और भक्ति के साथ मनाई गई । मंदिर परिसर को फूलो और सिरीज लाईट से सजाया गया।

दिन भर भक्त जनो का ताता दर्शन करने के लिए लगा रहा ।बाबा के सामने शिश झुकाकर आशीर्वाद लिया ।परिषर मे ही भजन कीर्तन के साथ वीर तेजाजी की गाथा का वर्णन का व्रतानत सुनाया गया ।वीर तेजा जी का जन्म स्थान राजस्थान के नागौर जिले के खकणार मे हुआ था। बचपन से ही तेजाजी के चमत्कार महसूर हो गए। गो पूजक थे । कहाँ जाता है कोई भी विशेला सर्प काट लेता है तो मंदिर मे और तेजाजी का नाम लेने से जहर उत्तर जाता है ।मंदिर समिति के गबू पटेल नें बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा को निशान चढ़ाकर अभिषेक किया गया ।

आरती कर रोट की प्रसादी बाटी गई। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे ।

अज्ञात वाहन के कट मारने से दो वाहन दुर्घटनाग्रस्त

गोगावां। मंगलवार दोपहर दारुल उलूम मदरसा शाहपुरा के समीप अज्ञात वाहन के कट मारने से आर्टिका कार और तीन पहिया रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में रिक्शा चालक को मामूली चोट आई है।

जानकारी अनुसार आर्टिका वाहन एमपी 11 सीसी 6805 खरगोन की ओर से आ रहा था, जिसमें चार लोग सवार थे। वहीं लहसुन के कट्टों से भरा तीन पहिया रिक्शा एमपी 10 जेडके 0124 गोगावां से खरगोन की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने रिक्शे को कट मार दिया। इससे घबराए रिक्शा चालक को बचाने के प्रयास में आर्टिका चालक का वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गया। वहीं रिक्शा चालक राजू पिता गगन वर्मा निवासी इंदिरा नगर, खरगोन को मामूली चोट आई, जिसे उपचार के लिए खरगोन भेजा गया। हादसे में रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हुआ। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाया।

एक नजर — बड़े मंदिर और संत निलय में किया पंचामृत अभिषेक के साथ ही पूजन

संयम धर्म के दिन सुगंध दशमी पर्व मनाया उत्साहपूर्वक

सनावद। पर्युषण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की आराधना के साथ सुगंध दशमी (धूप दशमी) का पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। संमति काका ने बताया कि प्रात:काल बड़े मंदिर जी एवं संत निलय में पंचामृत अभिषेक एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर सुगंधित जल कलश करने का सौभाग्य अनंत कुमार, प्रकाश जैन एवं प्रकाश उपभोक्ता भंडार को मिला, जबकि शांतिधारा का सौभाग्य नमन भैया, संयम, श्रीकांत, सुदेश एवं कमलचंद जटाले परिवार को प्राप्त हुआ।

पार्श्वनाथ बड़े मंदिर में बड़े अभिषेक का सौभाग्य कल्याण कुमार, कमल एवं हर्षिल के के परिवार को मिला। पूजन के बाद धर्मसभा में ब्रह्मचारी संजय भैया ने उत्तम संयम धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि प्राणी रक्षा और इंद्रिय दमन ही संयम है। स्पर्श, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण रखना इंद्रिय संयम कहलाता है। पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय एवं त्रसकाय जीवों की रक्षा करना प्राणी संयम है। शाम को भाद्रपद शुक्ल दशमी पर सुगंध दशमी का पर्व मनाया गया। जैन मान्यताओं के अनुसार इस दिन मंदिरों में भगवान को धूप अर्पित की जाती है, जिसे धूप खेवन भी कहा जाता है। इससे वातावरण सुगंधित और प्रसन्नमय होता है। सनावद सहित नमोकार धाम, सिद्धाचल पोदनपुरम एवं ओंकारबाग मोरटक्का में समाजजनों ने श्रद्धा के साथ धूप खेवन कर पर्व मनाया।

खंडवा

एक नजर में

जनपद सीईओ के खिलाफ सचिवों ने खोला मोर्चा

ओंकारेश्वर/खंडवा। मांधाता विधानसभा क्षेत्र के पुनासा जनपद पंचायत के सीईओ राकेश शर्मा के कथित दुर्व्यवहार और तानाशाही रवैये के खिलाफ समस्त सचिव संगठन, रोजगार सहायक और इंजीनियर लामबंद हो गए हैं।बड़ी संख्या में सचिव संगठन, एपीओ और जनपद के कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सीईओ राकेश शर्मा द्वारा लगातार देर रात, सुबह और शाम को बदतमीजी से फोन कर मानसिक दबाव बनाया जाता है और प्रताड़ित किया जाता है।इसके विरोध में संयुक्त मोर्चा पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं समस्त पुनासा जनपद स्टाफ ने तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर जाने का ऐलान किया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सीईओ का स्थानांतरण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल और कलमबंद हड़ताल की जाएगी। सचिव संगठन और रोजगार सहायकों ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को ज्ञापन सौंपकर सीईओ को हटाने की मांग की।

धूमधाम से निकले डोल, जगह-जगह की आरती

ओंकारेश्वर। तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में डोल ग्यारस का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन को जल झूलनी एकादशी भी कहा जाता है।मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पश्चात माता यशोदा जल पूजन के लिए जाती हैं। इसी परंपरा के अनुसार राजमहल से भगवान कृष्ण का डोला निकाला गया। डोला ज्योतिर्लिंग

मंदिर होते हुए कोटी तीर्थ घाट पहुंचा, जहां नर्मदा जी में नौका विहार कराया गया।नौका विहार के पश्चात डोला ओंकार घाट से मुख्य मार्ग होते हुए वापस राजमहल पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं ने यशोदा मैया की गोद भरने की परंपरा निभाई। महिलाओं ने ककड़ी, केले, गेहूं और अनाज से गोद भरी और भेंट चढ़ाकर आरती की।

पर्युषण पर्व के दौरान नवकर नगर जैन मंदिर पहुंचे कलेक्टर-एसपी

नवभारत न्यूज

खंडवा। जैन धर्म के नियम और पालन जीवन जीने की कला का माध्यम है, त्याग और तपस्या का उदाहरण जैन धर्म में है, तप तपस्या करते हुए संयम का पालन करते हुए तीर्थंकरो ने मोक्ष पाया था। मैं जहां भी रह रहा हूं जैन धर्म के मंदिरों में भक्ति और भव्यता देखता हूं तो मन को शांति मिलती है। आज हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में युवा वर्ग भी अच्छी शिक्षा के साथ धर्म और संस्कृति से भी लगातार जुड़ रहा है, यह बात पर्यूषण पर्व के दौरान संयम धर्म के दिन नवकार नगर मुनीसूव्रत दिगंबर जैन मंदिर में आरती एवं दर्शन करने पहुंचे खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कही।

कलेक्टर गुप्ता ने सामाजिक बंधुओ को पर्व की बधाई दी। नवकर नगर अध्यक्ष पंकज छाबड़ा और ट्रस्ट मंडल और प्रदीप जैन के अनुरोध पर धूप सुगंध दशमी के दिन कलेक्टर गुप्ता और एसपी अगम जैन परिवार सहित नवकार नगर जैन मंदिर पहुंचे और दर्शन के साथ ही विश्व शांति एवं सभी के कल्याण हेतु प्रभु के समक्ष धुप का खेवन किया एवं पर्व के दौरान बनी शिखर जी की आकृति को निहारा एवं मान स्तंभ पर आयोजित महाआरती में भाग लेकर आरती की। स्वागत समारोह में एसपी अगम जैन ने कहा कि जैन धर्म में पर्यूषण को महान पर्व के रूप में माना गया है, उत्तम क्षमा से यह पर्व का प्रारंभ हुआ है और क्षमा

वाणी के दिन इसका समापन होगा। हमने पर्व के छठवें दिन सभी ने आज संयम धर्म की पूजा की, अपने आप पर नियंत्रण करना ही सबसे बड़ा संयम धर्म है, पर्युषण पर्व के दसधर्म के पालन करने से हमारे मन में कभी क्रोध अभिमान की भावना नहीं आएगी। मैं खंडवा के सभी समाजजनों को पर्यूषण पर्व की शुभकामना देता हूं बड़े उत्साह के साथ सभी मंदिरों में के दौरान तप त्याग और भक्ति का आनंद देखने को मिल रहा है। समाज के सुनील जैन , प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि नवकर नगर जैन मंदिर के अध्यक्ष पंकज छाबड़ा, सचिव सुलभ सेठी, कोषाध्यक्ष अजय पाटनी, मनीष पाटनी, तरुण गंगवाल, ट्रस्ट मंडल के सदस्य एवं समाज के वरिष्ठ राजेंद्र छाबड़ा, अशोक पाटनी, आलोक सेठी, ने एसपी कलेक्टर का स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन आलोक सेठी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सनावद से आए राजेंद्र महावीर जैन आशीष चौधरी ने कलेक्टर एसपी को 26 सितम्बर को मोरटक्का में क्षमा वाणी पर्व एवं स्वागत समारोह में उपस्थित होने का अनुरोध किया। संचालन प्रदीप जैन ने किया। अध्यक्ष पंकज छाबड़ा, सचिव सुलभ सेठी अजय पाटनी, मनीष पाटनी, मनीष सेठी, शैलेंद्र बेनाडा, तरुण गंगवाल, आयूष पाटौदी, पीयूष पहाड़िया, राजेंद्र छाबड़ा, आलोक सेठी, प्रदीप छाबड़ा, प्रेमांशु चौधरी सनावद से पधारे आशीष चौधरी और अन्य मौजूद रहे।

पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

खंडवा। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे 'उमंग' कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर 2026 को महिला थाना खंडवा द्वारा पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सूरजकुंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी एवं स्टाफ ने छात्राओं को छेड़छाड़, पीछा करना, अश्लील मैसेज, घरेलू हिंसा सहित महिला संबंधी अपराधों के खिलाफ कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 एवं 112 के बारे में भी बताया गया।साथ ही साइबर अपराध से बचाव के लिए अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी साझा न करने और सोशल मीडिया पर निजी फोटो व जानकारी साझा न करने को लेकर जागरूक किया गया।

बेंस पब्लिक स्कूल में लगा स्वास्थ्य शिविर, बच्चों का किया चेकअप

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर के प्रतिष्ठित बेंस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य के उद्देश्य से एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। 22 सितंबर 2026 को आयोजित इस शिविर में नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनंत टी. पवार के मार्गदर्शन में चिकित्सा दल ने छात्र-छात्राओं की जांच की।

शिविर में बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बच्चों को सही खान-पान, व्यक्तिगत स्वच्छता और नियमित दिनचर्या के महत्व को समझाया। डॉक्टरों ने स्वस्थ रहने के लिए संतुलित भोजन, पूरी नींद और रोज व्यायाम को जीवनशैली में शामिल करने की सलाह दी।विद्यालय के डायरेक्टर कपिल चौधरी एवं प्राचार्य जयन्ती चौहान ने मेडिकल टीम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। विद्यालय परिवार ने पूरी चिकित्सा टीम का आभार माना। प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।चिकित्सा टीम में डॉ. निकिता गुप्ता, डॉ. मीना गौतम और डॉ. अरिहंत जैन ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर परामर्श दिया।

एक नजर — सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुई चित्र और भाषण प्रतियोगिता

मेरा सपना -मेरा भारत प्रतियोगिता में विधायक कंचन तनवे ने छात्राओं का बढ़ाया हौसला

नवभारत न्यूज

खंडवा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत सोमवार को पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोघट में 'मेरा सपना, मेरा भारत' विषय पर चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुईं। उन्होंने छात्राओं द्वारा बनाई गई ।

चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की

सराहना की। इसके बाद छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशी को विधायक कंचन तनवे ने प्रमाण पत्र देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

इस संकल्प को पूरा करने में देश की बेटियों और युवाओं की अहम भूमिका है। बेटियां शिक्षा, नवाचार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकती हैं। आज की छात्राएं ही कल के भारत का भविष्य हैं, उनके सपने ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेंगे।कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, पूर्व पार्षद संदेश गुप्ता, दुर्गेश शर्मा, कविता वर्मा, निशा मैडम सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।